'भारतीय मूल्य व आधुनिक विज्ञान का संतुलन ही सच्ची शिक्षा का स्वरूप'

उदयपुर (कासं)। राजस्थान विद्यापीठ विश्वविद्यालय का 21वां दीक्षांत समारोह गुरूवार को प्रतापनगर स्थित महाराणा प्रताप खेल मेदान पर आयोजित किया गया। समारोह का शुभारंभ मुख्यएनसीटीई नई दिल्ली के अध्यक्ष प्रो. पंकज अरोड़ा, कुलपति प्रो. शिवसिंह सारंगदेवोत, विशिष्ठ अतिथि भक्त कवि नरसिंह मेहता विवि जुनागढ़ गुजरात के कुलपति प्रो. प्रतापसिंह चौहान, राज्यपाल सलाहकार (उच्च शिक्षा) प्रो. कैलाश सोडाणी, समारोह अध्यक्ष, कुल प्रमुख एवं कुलाधिपति भंवर लाल गुर्जर, रजिस्ट्रार डॉ. तरूण श्रीमाली, परीक्षा नियंत्रक डॉ. पारस जैन ने पांच पंडितों के वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ मॉ सरस्वती की प्रतिमा पर पुष्पांजलि एवं दीप प्रज्जवलित कर किया।

एनसीटीई के अध्यक्ष प्रो. पंकज अरोड़ा को डीलिट की उपाधि से नवाजा।

छह हजार विद्यार्थियों की मौजूदगी में एनसीटीई के अध्यक्ष प्रो. पंकज अरोड़ा को डीलिट की उपाधि से नवाजा गया। समारोह में अतिथियों ने 120 पीएचडी धारको को उपाधियॉ तथा वर्ष 2024-25 में स्नातक तथा स्नातकोत्तर परीक्षाओं में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले 48 विद्यार्थियों को उपाधि एवं स्वर्ण पदक प्रदान किए गए। 80 पीएचडी उपाधियॉ एवं 34 गोल्ड मेडल बेटियों के नाम रहे। प्रो. पंकज अरोड़ा ने विद्यार्थियों और युवाओं का आ ान करते हुए कहा कहा कि भारत को अब नौकरी खोजने वालों की नहीं, बल्कि अवसर सृजन करने वाले युवाओं की आवश्यकता है। उन्होंने विद्यार्थियों से तीन संकल्प अपनाने का आ ान किया - चरित्र, जो ज्ञान से श्रेष्ठ है - नवाचार, जो भय से मुक्त होकर नए विचारों को जन्म देता है और समाज सेवा, जो हर कार्य को जनहित से जोड़ती है। उन्होंने कहा कि सच्ची शिक्षा वही है जो व्यक्ति को सक्षम होने के साथ-साथ संवेदनशील बनाए। जब तकनीक में मानवीय संवेदना जुड़ती है तभी वह कल्याणकारी बनती है, उन्होंने कहा। युवाओं से टेक्नोलॉजी ऑफ भारत की भावना से कार्य करने का आ ान किया, ताकि गाँवों और वंचित समुदायों तक ज्ञान और तकनीक की रोशनी पहुँच सके।

उन्होंने युवाओं से कहा कि वे असफलताओं को खुले मन से स्वीकार करें, चुनौतियों से भागें नहीं, बल्कि समाधान की दिशा में आग बढ़। सोशल मीडिया के प्रभाव और मानसिक तनाव के बढ़ते दायरे पर चिंता व्यक्त करते हुए उन्होंने विवेकपूर्ण चिंतन, मूल्य आधारित शिक्षा और भारतीय संस्कारों से जुड़ाव को मानसिक स्वास्थ्य तथा समाज के सकारात्मक निर्माण का आधार बताया। प्रो. अरोड़ा ने कहा कि विद्यार्थियों से स्वामी विवेकानंद के आदर्शों के अनुरूप अपने जीवन को श्रेष्ठता की ओर ले जाने का आ ान किया और तकनीकी प्रगति के इस युग में भारतीय मूल्य और आधुनिक विज्ञान का संतुलन ही सच्ची शिक्षा का स्वरूप है।शिक्षा राष्ट्र प्रगति की नींव है। प्रो. अरोड़ा ने विद्यापीठ को रेखांकित करते हुए कहा संस्था द्वारा शिक्षा संबंधी कार्य नई शिक्षा नीति 2020 की भावनाओं से पूर्णत: मेल खाता है। नई नीति में समग्र, लचीली और बहुविषयक शिक्षा प्रणाली के माध्यम से विद्यार्थियों को जीवनोन्मुख बनाने, आलोचनात्मक चिंतन विकसित करने और भारतीय भाषाओं को प्रोत्साहन देने की जो परिकल्पना है, वही विद्यापीठ की मूल भावना है।यह तैयार किए जा रहे शिक्षक शैक्षणिक योग्यता के साथ संस्कृति मूल्यों के साथ सामाजिक रूप से भी संवेदनशील है।ये शिक्षक शिक्षा के लिए महत्वपूर्ण उपलब्धि है।

कुलपति प्रो. एस. एस. सारंगदेवोत ने दीक्षांत समारोह में नवदीक्षित स्नातकों को संबोधित करते हुए कहा कि यह भारतीय शिक्षा परंपरा का वह विशेष क्षण है जब ज्ञान संस्कार में बदलता है। उन्होंने बताया कि दीक्षांत केवल प्रमाण पत्र नहीं, बल्कि गुरु के आशीर्वाद और समाज के प्रति उत्तरदायित्व का प्रतीक है। यह समारोह विद्यार्थियों को शिष्य से नागरिक और साधक से कर्मयोगी बनने का मार्ग दिखाता है, और शिक्षा का उद्देश्य केवल शिक्षा अर्जन नहीं, बल्कि अर्पण होना चाहिए। कुलपति ने नवदीक्षितों को बताया कि शिक्षा केवल कौशल हासिल करने तक सीमित नहीं है, बल्कि यह चरित्र निर्माण, समाज सेवा और मानवता में सक्रिय योगदान का अवसर है। उन्होंने स्नातकों से कहा कि उन्हें सत्य, सेवा और संयम के स्तंभों पर आधारित जीवन जीना चाहिए, अपने निर्णय स्वयं लेने चाहिए और संकल्प के बल पर ज्ञान के माध्यम से विश्व को श्रेष्ठ बनाने का प्रयास करना चाहिए। उन्होंने अपने उद्बोधन में संस्था की

■ **दीक्षांत केवल प्रमाण पत्र नहीं, बल्कि गुरु के आशीर्वाद और समाज के प्रति उत्तरदायित्व का प्रतीक है : प्रो. सारंगदेवोत**

वार्षिक प्रतिवेदन के माध्यम विद्यापीठ की उपलब्धि और प्रगति को साझा करते हुए इसका श्रेय विद्यार्थियों कार्यकर्ताओं को समर्पित किया। कुल प्रमुख एवं कुलाधिपति भंवर लाल गुर्जर ने शिक्षा के स्तर, देश की आत्मशक्ति, कर्तव्यबोध, जमीनी जुड़ाव और उत्तरदाई नागरिक निर्माण पर विचार रखे। विशिष्ठ अतिथि कुलपति प्रो. प्रतापसिंह चौहान ने नव दीक्षितों के लिए कौशल वैश्विक बाजार की आवश्यकता और श्रम युक्त होकर भाभी जीवन में आगे बढ़ाने के विषय पर विचार साझा किए प्रो. कैलाश सोडाणी ने उच्च शिक्षा, साइबर जागरूकता,स्वदेशी विषय पर विचार व्यक्त किए।

समारोह की शुरुआत अकादमी काउंसिल का प्रोसेशन एवं एनसीसी कैडेट्स के गार्ड ऑफ ओनर हुई। इस अवसर पर विद्या प्रचारिणी सभा भूपाल नोबल्स संस्थान के मंत्री प्रो. महेन्द्र सिंह आगरिया, प्रबंध निदेशक डॉ. मोहब्बत सिंह रूपाखेडी, वित्त मंत्री शक्ति सिंह कारोही, संयुक्त सचिव राजेन्द्र सिंह, सदस्य नवल सिंह जुड, प्रो. रेणु राठौड, डॉ. युवराज सिंह राठौड, पीठ स्थविर डॉ. कौशल नागदा, प्रो. रितु तोमर, डॉ. अपर्णा शर्मा, प्रो. पीएस रावलोत, विक्रम सिंह देवडा, डॉ. रश्मि बोहरा, लक्ष्मण सिंह कर्णावट सहित विद्यापीठ के डीन, डायरेक्टर एवं शहर के गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

यूनिटी मार्च का आयोजन

डूंगरपुर, (निसं)। भारत सरकार के युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय तथा राजस्थान युवा बोर्ड, जयपुर के निर्देशानुसार माय भारत डूंगरपुर द्वारा सागवाडा में सरदार/15० यूनिटी मार्च एक भारत, आत्मनिर्भर भारत का भव्य आयोजन किया गया।

यह आयोजन नगर पालिका, सागवाडा से प्रारंभ होकर एकलव्य भील समाज खेल मैदान तक संपन्न हुआ। 5 किलोमीटर लंबी इस पदयात्रा में क्षेत्र के युवाओं, सामाजिक संगठनों, एनजीओ एवं विभिन्न संस्थान के 55० से अधिक प्रतिभागियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि विधायक शंकरलाल डेचा ने युवाओं को संबोधित करते हुए कहां कि सरदार वल्लभभाई पटेल की दृढ इच्छाशक्ति और राष्ट्र के प्रति समर्पण हर युवा के लिए प्रेरणास्त्रोत है। उन्होंने कहा कि आत्मनिर्भर भारत का निर्माण तभी संभव है,जब युवा अपनी क्षमता पर विश्वास कर आगे बढें। विशिष्ट अतिथि भाजपा जिलाध्यक्ष अशोक पटेल ने कहां कि सरदार पटेल का जीवन एकता, संगठन और समर्पण का प्रतीक है। उन्होंने युवाओं से सामाजिक सौहार्द और विकास में सहभागिता का आ ान किया। पूर्व जिलाध्यक्ष हरीश पाटीदार ने अपने संबोधन में युवाओं की भूमिका पर जोर देते हुए कहां कि जब युवा राष्ट्रहित में एकजुट होते हैं,तो हर चुनौती अवसर में बदल जाती है। कार्यक्रम की अध्यक्षता पूर्व सांसद कनकमल कटारा ने की। उन्होंने सरदार पटेल के जीवन और योगदान पर प्रकाश डालते हुए युवाओं को एक भारत आत्मनिर्भर भारत की शपथ दिलाई। इस अवसर पर पूर्व विधायक अनीता कटारा, जिला प्रमुख सुर्या अहारी, एसडीएम सुबोध सिंह, नगर पालिका अध्यक्ष आशीष गांधी,एसटी मोर्चा अध्यक्ष शांतिलाल डामोर,सीआई मदन खटीक एवं कार्यक्रम संयोजक श्राजेश पाटीदार सहित अनेक जनप्रतिनिधि एवं अधिकारी उपस्थित रहे। यात्रा के दौरान स्थानीय नागरिकों ने फूलों से पदयात्रा का स्वागत कर देशभक्ति और एकता के रंग में वातावरण को सरोबार कर दिया।

सार-समाचार

महिला सहित दो गिरफ्तार

राजसमंद/ कुंवारिया, (निसं)। राजसमंद थाना पुलिस ने मादक पदार्थ की तस्करी के वान्टेड अपराधियों को शरण देने व वांछित आरोपियों को भगाने में सहयोग करने पर थाना पुलिस की विशेष टीम ने एक महिला तथा एनडीपीएस एक्ट में वान्टेड अपराधी को गिरफ्तार किया गया।पुलिस ने बताया कि प्रदेश मे हार्डकोर अपराधी, हिस्ट्रीशीटर, गैम्स के सक्रिय सदस्यों एवं प्रकरणों के वाछिंत अपराधियो की धरपकड व सघन चैकिंग के लिए पुलिस मुख्यालय जयपुर द्वारा चलाये जा रहे विशेष अभियान ऑपरेशन सुदर्शन चऋ के तहत जिला पुलिस अधीक्षक ममता गुप्ता के आदेशानुसार तथा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक महेन्द्र कुमार पारीक व पुलिस उप अधीक्षक वृत राजसमन्द विवेक सिंह राव के निर्देशन में चलाए जा रहे अभियान के तहत कुंवारिया थानाधिकारी उदयलाल बरगट के नेतृत्व में एक विशेष टीम का गठन करके अवैध अफीम व एमडी मैफेड्रोन तस्करी करने के आरोप में करीब एक माह से फ रार चल रहे वांछित उदयपुर जिले के फतेहनगर थाने के हिस्ट्रीशीटर जेवाणा निवासी देवी लाल उर्फ देवा गाडरी व उसके साथी अभियुक्त निवासी जैवाणा थाना फतहनगर जिला उदयपुर हाल म.न. 2ई, सेंगवा हाउसिंग बोर्ड चित्तौडगढ थाना सदर चित्तौडगढ कौशल हाडा पिता योगेश हाडा की गिरफ्तारी के संबन्ध में विशेष दिशा निर्देश मिलने के बाद पुलिस की टीम के द्वारा दोनो आरोपियों की सरगर्मी से तलाश की जारही थी।

उपचार के दौरान महिला की मौत

उदयपुर, (कासं)। टेम्पों की टक्कर से घायल स्कूटी सवार महिला की उपचार के दौरान मौत हो गई। इससे पूर्व तीन दिन पूर्व उसकी दुधमुंही पुत्री को मौत हो चुकी है। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार गोवर्धन विलास थाना क्षैत्र भानु कुमार शास्त्रीएनक्लेवआर5निवासी हर्षिता श्रीमाली (38) पत्नी प्रकाश श्रीमाली की हादसे में घायल होने से मौत हो गई। रविवार को हर्षिता अपनी दुधमुही पुत्री मानवीक (3)स्कूटी पर लेकर दवा लेने के लिए मेडिकल स्टोर की तरफ जा रही थी। जहां बीच रास्ते में टेंपों वाहन ने स्कूटी को चपेट में ले लिया था।जिससे दोनों को घायल अवस्था में चिकित्सालय पहुंचाया। जहां मानवीक की पूर्व में मृत्यु हो गई थी जबकि हर्षिता उपचाररत थी। एएसआई धर्मवीरसिंह ने मृतका का पोस्टमार्टम करवा शव परिजनों को सौंपा।

हादसे में बाइक सवार युवक की मौत

उदयपुर, (कासं)।उदयपुर अहमदाबाद हाइवे टीडी सर्विस लाईन पर ट्रेलर ने बाइक को टक्कर मार दी। हादसे में युवक की मौत हो गई तथा उसका भाई घायल हो गया। पुलिस से प्राप्त जानकरी के अनुसार बुधवार रात को टीडी थानाक्षैत्र सर्विस रोड़ पर ट्रेलर ने बाइक को टक्कर मार दी। हादसे में राहुल (18) पुत्र लक्ष्मण निवासी पडूणा की मौत हो गई तथा उसका भाई संदीप (21)घायल हो गया। जिसे जिसे उपचार के लिए चिकित्सालय में भर्ती करवाया। दोनों बाइक र शहर से उदयपुर लौट रहे थे। जहां पडूणा सर्विस लाईन पर लघुशंका करने रूके थे।इस दौरान हादसा हो गया। इस पर एएसआई नारायण ने मृतक का पोस्टमार्टम करवा शव परिजनों को सौंप दिया।

सड़क सुरक्षा का दिया संदेश

उदयपुर, (कासं)। जिला पुलिस अधीक्षक योगेश गोयल के निर्देश पर यातायात नियमों के प्रतित आमजन में जागरूकता ढबाने एवं पुलिस कर्मियों के सुरक्षा को मद्दे नजर रखते हुए अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक उमेशओझा,गोपाल स्वरूप मेवाड़ा, अंजना सुखवाल एवं सभी पुलिस उप अधीक्षकों व थानाधिकारियों द्वारा अभियान के दौरान गुरूवार को शहरी एवं ठामीण क्षैत्रों के 42 पुलिस थानों के पुलिसकर्मियों को 736 हेलमेट वितरण किए गए। इस दौरान सभी थानाधिकारी, सीएलजी सदस्य व पुलिस मित्र उपस्थित थे। इस दौरान सडक सुरक्षा व यातायात नियमों के प्रति जागरूकता के संबंध में दिशा निर्देश प्रदान किए तथा आमजन से भी दुपहिया वाहन चलाते समय हेलमेट पहनने, गति सीमा का पालन कर सहयोग की अपील की है।

सड़क हादसे में युवक की मौत

उदयपुर, (कासं)। शहर के प्रतापनगर थाना क्षैत्र में हुए सडक हादसे में बाइक चालक की मौत हो गई। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार बुधवार रात में प्रतापनगर थाना क्षैत्र अनियंत्रित ट्रक से बाइक टकरा गई। हादसे में चालक घरहरा भगुआ केमुर बिहार हॉल मेडता डबोक निवासी रवि (28) उज्ज्वल पुत्र विद्यासागर सिंह की मौत हो गई। रवि मादड़ी इंडस्ट्रीज एरिया में स्थित फैक्ट्री में नौकरी करता था। बुधवार रात में बाइक पर शहर से गांव लौट रहा था। जहां बीच रास्ते में आगे चल रहे ट्रक के चालक ने अचानक गाड़ी मोड़ दी जिससे बाइक जा टकराई। हदसे में गंभीर घायल होने पर उसे उपचार के लिए एमबी चिकित्सालय पहुंचाया। जहां उसकी मौत हो गई। इस पर एएसआई भगवत सिंह ने मृतक का पोस्टमार्टम करवा शव परिजनों को सौंपा।

फाइनेंसकर्मी से नकदी लूटी

उदयपुर, (कासं)। खेरवाड़ा थाना क्षैत्र में बाइक सवार बदमाश फाइनेंसकर्मी नकदी व सामान लूट ले गए। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार पीडित देवचन्द्र पुत्र सोमारावल खोखरीया निवासी कलींजरा बांसवाड़ा ने पुलिस थाने में प्रकरण दर्ज करवाया। जिसमें उसने बताया कि मैं एयू फाईनेन्स में काम करता हूं। 6 नवंबर को मैं बलिया, पाटिया, कनबई, आमदरा होते हुए मैथली मोड़ पर पहुंचा। जहां बाइक पर आए दो बदमाशों नें मुझे रोका तथा झपट्टा मार कर बैग से 31 हजार 240 रूपये नकदी, लेपटॉप व रसीबद बूके लूट ले गए। इस मामले में पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू की।

फर्जी कॉल सेंटर चलाने वाले तीन ठग गिरफ्तार

उदयपुर, (का.सं.)। सलूंबर जिले में साइबर सेल और डीएसटी टीम ने बडी कार्रवाई करते हुए तीन ठगों को गिरफ्तार किया है। ये लोग अमेरिकी नागरिकों को सस्ता लोन देने के नाम पर ठगी कर रहे थे।

गिरफ्तार आरोपियों में मिजोरम के आईजोल निवासी लालरामलूना पिता लालहरुहीया, एच.जोहनमगहिया पिता जोहमिनगलिना और जयपुर निवासी अक्षय शर्मा शामिल हैं। पुलिस ने इनके पास से तीन लैपटॉप, तीन ब्लूटूथ हेडफोन, चार मोबाइल फोन और एक नेट राउटर बरामद किया है। ये ठग सलूंबर के देवगांव में होटल भाग्यश्री के कमरा नंबर 107 से फर्जी कॉल सेंटर चला रहे थे। दिल्ली में हुए ब्लास्ट की जांच के दौरान पुलिस को संदेह हुआ और होटल में छापा मारा गया। कमरे का दरवाजा खुलवाते ही तीन युवक लैपटॉप पर विदेशों में कॉल करते मिले। पूछताछ में ये संतोषजनक जवाब नहीं दे पाए।ये लोग इंटरनेट कॉल वीओआईपी से अमेरिकी लोगों से संपर्क करते थे।सस्ता लोन देने का लालच देकर उनके बैंक खाते की पूरी डिटेल और पासवर्ड लेते थे फिर खाते से डॉलर निकालकर अपनी आईडी में ट्रांसफर करते थे। डॉलर को रुपए में कन्वर्ट कर निकाल लेते थे। पुलिस अब इनके नेटवर्कए अन्य साथियों और ठगी की राशि की जांच कर रही है।

■ **लोन दिलाने का झांसा देकर अकाउंट खाली करते थे**

पुलिस के अनुसार आरोपियों ने फर्जी नाम से आईडी बना रखी थी और केशनेट कर्मचारी बन कॉल करते थे। आरोपी राम का कोड नेम जेक था। वहीं, एच जोहनमगहिया का कोड नेम डेविड और अक्षय का केविन था। ये लोगों को लॉन देने के लिए केशनेट कर्मचारी बनकर कॉल करते। फिर लोन के बहाने सिक्योरिटी के लास्ट चार डिजिट मांगकर उनके मंथली इनकम डाटा शीट प्राप्त करते। फिर यूजर नेम और पासवर्ड लेकर उनके खाते से पैसे निकाल लेते थे।

दिल्ली आतंकी हमले के पीड़ितों को दी श्रद्धांजलि

राजसमंद, (निसं)। विधायक दीप्ति किरण माहेश्वरी बुधवार को वाहन दुर्घटना में घायल होने के पश्चात ढाई माह के अंतराल के बाद बुधवार को पहली बार राजसमंद पहुंचीं। उन्होंने प्रभु श्री द्वारकाधीश के दर्शन कर क्षेत्र एवं प्रदेश की सुख-समृद्धि की कामना की। मंदिर के मुखिया एवं प्रबंधन ने उनका आत्मीय स्वागत करते हुए उन्हें प्रभु का प्रसाद प्रदान किया।

विधायक जन संवाद केंद्र पर माही कोचिंग क्लासेस के विद्यार्थियों ने हस्तलिखित शुभकामना पत्र भेंट किए। विद्यार्थियों के आत्मीय संदेशों और स्नेह से विधायक माहेश्वरी भावुक हो उठीं। स्थानीय नागरिकों ने भी जन संवाद केंद्र पर पहुंचकर उनके स्वास्थ्य लाभ पर हर्ष व्यक्त किया और उनका हार्दिक स्वागत किया।इस अवसर पर विधायक दीप्ति माहेश्वरी ने कार्यकर्ताओं एवं नगरवासियों से वार्ता करते हुए दिल्ली में हुई आतंकवादी घटना के मृतकों को श्रद्धांजलि दी तथा घायल व्यक्तियों के शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की कामना की।

अनैतिक कार्य की सूचना पर होटल में पुलिस ने छापा मारा

डूंगरपुर, (निसं)। स्पेशल पुलिस टीम ने धम्बोला थाना क्षेत्र के पीठ कस्बे में भाजपा सलारेश्वर मंडल उपाध्यक्ष की एक होटल पर छापेमारी की। होटल में वैश्यावृत्ति में लिप्त होने के आरोप में एक युवती और दो युवकों को पकड़ा गया है। पुलिस ने पीटा एक्ट के तहत प्रकरण दर्ज कर आरोपियों को गिरफ्तार किया है।

धम्बोला थाना क्षेत्र के पीठ कस्बे में स्थित होटल में अवैध गतिविधियों की शिकायतें लगातार मिल रही थी। इन शिकायतों पर जिला पुलिस अधीक्षक की ओर से गठित स्पेशल टीम ने बुधवार रात कार्यवाही की। टीम के होटल पहुंचते ही हड़कंप मच गया। काउंटर पर एक युवक बैठा मिला, जबकि एक कमरे में एक युवक और युवती मौजूद थे। होटल पर ठहरने से संबंधित कोई वैध दस्तावेज नहीं मिले। स्पेशल टीम ने मौके से युवती और दोनों युवकों को डिटेन कर धम्बोला थाना पुलिस को सुपुर्द किया। बाद में पुलिस ने तीनों को पीटा एक्ट के तहत गिरफ्तार कर लिया। फिलहाल पुलिस

पुलिस ने वैश्यावृति में लिप्त युवती व दो युवकों को गिरफ्तार किया।

आरोपियों से पूछताछ कर रही है और यह पता लगाने का प्रयास कर रही है कि होटल में इस तरह की गतिविधियां कब से चल रही थी और इसमें अन्य कौन लोग शामिल हैं। बताया जा रहा है कि संबंधित होटल भाजपा सलारेश्वर मंडल उपाध्यक्ष महिपालसिंह की है। होटल पर छापेमारी के बाद भाजपा सलारेश्वर मंडल उपाध्यक्ष महिपालसिंह ने बताया कि होटल उन्होंने अप्रैल महीने से किराए पर दिया हुआ है। किरायेदार ही होटल का संचालन कर रहे हैं। अगर होटल में गलत काम किया जा रहा है, तो वे उसे खाली करवाएंगे और पुलिस अपनी कार्यवाही करे।

आवेदन 17 से

उदयपुर, (कासं)। अल्पसंख्यक समुदाय हितार्थ अल्पसंख्यक समुदायों (मुस्लिम, जैन, सिख, बौद्ध, ईसाई व पारसी) के छात्रों हेतु अम्बेडकर डीबीटी वाउचर योजनान्तर्गत आवेदन 17 नवम्बर से प्रारंभ होंगे। जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी खुशबू शर्मा ने बताया कि आवेदन की अंतिम तिथि 3० दिसम्बर निर्धारित की गई है।

ट्रैक्टर पलटने से किसान की मौत

डूंगरपुर, (निसं)। सागवाड़ा थाना क्षेत्र के नंदौड गांव में खेतों में जुताई के दौरान ट्रैक्टर पलटने से किसान की दबने मौके पर ही मौत हो गई। हादसे के बाद ट्रैक्टर ड्राइवर किसी को बताए बिना घर जाकर सो गया। सुबह जब किसान की बेटी पिता को खोजते हुए खेत पहुंची, तो हादसे का खुलासा हुआ। पुलिस के अनुसार मनजी सिंघाडा पुत्र रुपए सिंघाडा, मूल निवासी जोहनिया माफी थाना गढी बांसवाड़ा था। वह पिछले एक वर्ष से नंदौड गांव में अपने परिवार के साथ रहकर खेती-बाड़ी करता था।

मृतक के भाई वीरजी सिंघाडा ने पुलिस को दी रिपोर्ट में बताया कि बुधवार रात मनजी खेतों में ट्रैक्टर से जुताई का कार्य करवा रहा था। गांव का ही मगन पुत्र धारजी बामनिया ट्रैक्टर चला रहा था। इस दौरान रिवर्स लेते समय ट्रैक्टर अचानक बेकाबू होकर गड्ढे में पलट गया। मनजी ट्रैक्टर के नीचे दब गया और उसकी मौके पर ही मौत हो गई। हादसे के बाद घबराए ड्राइवर मगन ने किसी को कुछ नहीं बताया और चुपचाप घर जाकर सो गया। देर रात जब मनजी घर नहीं लौटा तो उसकी बेटी पिंकी उसे खोजते हुए खेतों की ओर पहुंची, जहां उसने यह मंजर देखा।सूचना मिलते ही परिजन बांसवाड़ा से नंदौड गांव पहुंचे। शव को सागवाडा अस्पताल की मोर्चरी में रखवाया गया।

कार्यक्रम आज से

उदयपुर। अन्तर्राष्ट्रीय सहकारिता वर्श 2025 के तहत 72वें अखिल भारतीय सहकारिता सप्ताह का आयोजन शुक्रवार से किया जायेगा। उदयपुर सेन्ट्रल को-ऑपरेटिव बैंक की प्रबन्ध निदेशक ने बताया कि राज.सहकारी बैंक, जयपुर तथा केन्द्रीय सहकारी बैंक उदयपुर के संयुक्त तत्वावधान में राज्य स्तरीय उद्घाटन कार्यक्रम शुक्रवार को प्रात: 11 बजे गॉधी ग्राउण्ड में आयोजित होगा।

'ब्रश द फॉल्क' प्रतियोगिता आयोजित

उदयपुर, (कासं)। पेसिफिक मेडिकल विश्वविद्यालय में आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रम स्पंदन - 2025 में भारत के विभिन्न प्रान्तों की समृद्ध कला और संस्कृति को प्रदर्शित करने के लिए 'ब्रश द फॉल्क' प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में विश्वविद्यालय के विधार्थीयों ने विभिन्न प्रान्तों की पारंपरिक कला और लोक कला को चित्रित किया। 31 अक्टूबर से 12 नबम्बर तक आयोजित इस प्रतियोगिता पीएमयू के संगठक कॉलेजो के 160 से ज्यादा विद्यार्थियों ने भाग लिया।

■ **प्रतियोगिता में कला कौशल के माध्यम से विभिन्न राज्य और सांस्कृतिक धरोहरों को जीवित किया**

'ब्रश द फॉल्क' प्रतियोगिता की समन्वयक डॉ.राहीला घोड़च ने बताया कि प्रतियोगिता का उद्देश्य भारतीय कला की विविधता को मंच पर लाना था। प्रतियोगिता में विधार्थीयों ने अपने कला कौशल के माध्यम से विभिन्न राज्य और सांस्कृतिक धरोहरों को जीवित किया।

'ब्रश द फॉल्क' प्रतियोगिता का आयोजन हुआ।

जिसमें प्रमुख रूप से राजस्थान, पंजाब, महाराष्ट्र, और दक्षिण भारत की कला शैलियों को प्रस्तुत किया गया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि फेविक्रिल कम्पनी के उत्तर भारत के एएमएमडी राकेश अग्रवाल एवं फेविक्रिल के राजस्थान सीएमडीआई गोपाल माथुर ने विधार्थीयों की कला की सराहना की और कहा कि इस तरह के कार्यक्रम छात्रों को अपनी सांस्कृतिक जड़ों से जोड़ते हैं और उन्हें अपनी कला का सम्मान करने का अवसर प्रदान करते हैं। संस्थान के चेयरपर्सन राहुल अग्रवाल ने सभी 160 प्रतिभागियो की बनाई कलाकृतियों की तारीफ करते हुए कहा कि मेडिकल फील्ड में तनाव हर समय बना रहता है ऐसे में एच आर विभाग की डॉ.राहीला घोड़च विधार्थीयों एवं कर्मचारियों को कला के माध्यम से उनके तनाव को कम कर रही है। जो तारीफ के काबिल है। इस दौरान 160 प्रतिभागियो की बनाई कलाकृतियो की प्रदर्शनी भी लगाई गई। कार्यक्रम के अंत में पेसिफिक मेडिकल विवि के डॉ. यू. एस. परिहार, डॉ.एम.एम.मंगल एवं स्पंदन के समन्वयक नीरज चपलोत ने फाईनल के तीन विजेताओं की घोषणा करी जिसमें पीएमसीएच अश्विन पाटीदार प्रथम, पीडीसीआरसी की देवयानी पाटीदार द्वितीय एवं पीएमसीएच की मिष्ठी गौतम ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। विजेताओ को 15 नबम्बर स्पंदन के मुख्य कार्यक्रम में पुरूस्कृत किया जाएगा।

भाजपा महिला सम्मेलन 16 को, तैयारियां जोरों पर

उदयपुर, (का.सं.)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आत्मनिर्भर भारत अभियान के तहत होने वाले विभिन्न कार्यक्रमों के अंतर्गत महिला मोर्चा शहर जिला उदयपुर द्वारा 16 नवंबर को पटेल सर्कल स्थित पार्टी कार्यालय पर एक विशाल महिला सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है जिसमें आत्मनिर्भर भारत अभियान के बारे में उपस्थित महिलाओं को अवगत कराया जाएगा एवं देश में बनी वस्तुओं को खरीदने और बेचने के लिए संकल्पित किया जाएगा।

इस महिला सम्मेलन को सफलतापूर्वक संपन्न करने हेतु गुरुवार को भाजपा महिला मोर्चा डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी मंडल की एक अहम बैठक सूरजपोल स्थित स्थल मंदिर के प्रांगण में महिला मोर्चा की पूर्व जिला महामंत्री एवं मंडल प्रभारी डॉ. किरण जैन के मुख्य समिति में संपन्न हुई।बैठक में उपस्थित महिलाओं को संबोधित करते हुए शहर जिला की पूर्व महामंत्री एवं भाजपा डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी मंडल की प्रभारी डॉ. किरण जैन ने कहा कि खरीदें वहीं जो देश में बना हो, बेचें वही जो देश में बना हो।उन्होंने उपस्थित महिलाओं का आव्हान किया कि आत्मनिर्भर भारत संकल्प अभियान के तहत घर.घर जाकर संपर्क कर प्रत्येक महिला पुरुष से स्वदेशी वस्तुओं के खरीदने और स्वदेशी वस्तुओं का ही उपयोग करने के लिए प्रेरित करे।

उन्होंने कहा कि देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत तेजी से आत्मनिर्भरता की ओर अग्रसर है और 2047 तक भारत एक विकसित राष्ट्र के रूप में अपनी पहचान स्थापित करेगा। हर घर स्वदेशीए घर- घर स्वदेशी: यही हमारा मंत्र,हमारा लक्ष्य, और हमारी शक्ति है। हम सब मिलकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सपनों को साकार करें और खुद भी संकल्प लें और अपने आस पडोस और रिश्तेदारों परिजनों मित्रों को भी इस बारे में अवगत कराकर इस अभियान को सशक्त बनाने में कदम बढाए। इस अवसर पर भारतीय जनता पार्टी की वरिष्ठ नेता अर्चना शर्मा एवं चंदा ओदीच्य ने भी उपस्थित महिलाओं को इस महिला सम्मेलन में अधिक से अधिक संख्या में भाग लेने का आ ान किया और कहा कि हम अपने मोहल्लों से और अपने आस पडोस रिश्तेदारों से संपर्क कर अपनी विचारधारा को मानने वाली मातृशक्ति को इस सम्मेलन में किस प्रकार जोडा जाए इसकी रचना बनाकर संपर्क का कार्य प्रारंभ करें। इस अवसर पर महिला सम्मेलन के पोस्टर का विमोचन किया।

कार्यालय नगरपालिका नाथद्वारा, जिला-राजसमन्द (राज.)
Email: np_ntd@yahoo.in Phone:- 02953-233526
क्रमांक /न.पा.नाथ./नामा./2025/14191 दिनांक : 10.11.2025
- : आपत्ती सूचना :-
एतर्थ द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि निम्नांकित व्यक्तियों द्वारा जरिये क्रय शुदा/पट्टा शुदा के आधार पर भूखण्डों का नामान्तरण/नाम हस्तान्तरण का स्वयं के नाम पर निम्नांकित वर्णित सम्पत्ति पर नामान्तरण/नाम हस्तान्तरण कराने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। उक्त आवेदन के संबंध में किसी भी हितधारी को कोई आपत्ती हो तो 7 दिवस (कार्य दिवस) में नगरपालिका कार्यालय में लिखित रूप से प्रस्तुत कर दें अन्यथा प्रकरण में कोई आपत्ति प्राप्त नहीं होने एवं दस्तावेज पूर्ण पाये जाने पर नियमानुसार कार्यवाही पूर्ण करते हुए उक्त प्रकरणों में आगामी कार्यवाही सम्पादित कर दी जायेगी :-

क्र. सं.	आवेदक का नाम व पता	आवेदित सम्पत्ति का पता	पड़ौस का विवरण			
			पूर्व	पश्चिम	उत्तर	दक्षिण
1.	श्री शाह प्रकाश परमानंद पिता श्री परमानंद शाह निवासी-मुम्बई महाराष्ट्र	भूखण्ड क्षैत्रफल-875 वर्गफिट, समाधानी गली, नाथद्वारा	स्वयं का मकान	मन्दिर-मण्डल की जमीन	गली बाद में मकान प्रकाश भट्टा	गली 2 फिट उस्ताखाना मन्दिर-मण्डल

आयुक्त, नगरपालिका नाथद्वारा

कार्यालय नगरपालिका नाथद्वारा, जिला-राजसमन्द (राज.)
क्रमांक /न.पा.ना./69 क/2025/14296 दिनांक : 12.11.25
- : आपत्ती सूचना :-
एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि निम्नांकित व्यक्तियों द्वारा जरिये क्रय शुदा/पट्टा शुदा के आधार पर प्राप्त भूखण्ड/भवन का स्वयं के नाम पर निम्नांकित वर्णित सम्पति पर 69